8. प्रतिवेदित आरोप एवंश्री प्रसाद के उपर्युक्त अभ्यावेदन की समीक्षा के उपरान्त पाया गया कि उनके द्वारा पुनर्विलोकन अभ्यावेदन में किसी नये तथ्य का उल्लेख नहीं किया गया है। श्री प्रसाद द्वारा उन्हीं तथ्यों का उल्लेख किया गया है, जो इनके द्वारा पूर्व में किया गया है। उल्लेखनीय है कि प्रतिवेदित आरोप, श्री प्रसाद द्वारा दिया गया बचाव बयान, बचाव बयान पर प्राप्त विभागीय मंतव्य, विभागीय मंतव्य पर प्राप्त अभिकथन तथा सुनवाई के दौरान की गयी बहस एवं लिखित बहस तथा विश्लेषण के आधार पर संचालन पदाधिकारी द्वारा श्री प्रसाद के विरूद्ध प्रतिवेदित आरोप संख्या–06 एवं 08 को इस हद तक प्रमाणित पाया गया कि आरोपित पदाधिकारी स्टॉक के गबन को रोकने में एवं उस जाँच कर उजागर करने में प्रशासनिक रूप से विफल साबित हुआ। आरोप संख्या–07 को भी संचालन पदाधिकारी द्वारा आंशिक रूप से प्रमाणित पाया गया। आरोपित पदाधिकारी द्वारा मुख्यालय के निदेश के आलोक में भंडारित खाद्यान्न का सत्यापन नहीं किया गया।

संचालन पदाधिकारी से प्राप्त जाँच प्रतिवेदन में प्रमाणित/आंशिक रूप से प्रमाणित पाये गये आरोपों के लिए श्री प्रसाद द्वारा समर्पित अभ्यावेदन के समीक्षोपरान्त अनुशासनिक प्राधिकार द्वारा श्री प्रसाद के पेंशन से 20%राशि की कटौती का दंड दिया गया है तथा प्रस्ताव पर बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा भी सहमति प्रदान की गयी।

9. वर्णित तथ्यों के आधार पर अनुशासनिक प्राधिकार द्वारा श्री प्रसाद के पुनर्विलोकन अभ्यावेदन को अस्वीकृत करते हुए विभागीय संकल्प ज्ञापांक 6292 दिनांक 15.05.2018 द्वारा इनके विरूद्ध **''पेंशन से 20% (बीस प्रतिशत की राशि) की कटौती पाँच वर्षों तक''**के संसूचित दंड को पूर्ववत् बरकरार रखने का निर्णय लिया गया।

10. अनुशासनिक प्राधिकार के निर्णयानुसार श्री अवध किशोर प्रसाद (सेवानिवृत्त बि0प्र0से0), कोटि क्रमांक 506/11, तत्कालीन जिला प्रबंधक राज्य खाद्य निगम, खगड़ियाके विरूद्ध विभागीय संकल्प ज्ञापांक 6292 दिनांक 15.05.2018 द्वारा इनके विरूद्ध **''पेंशन से 20% (बीस प्रतिशत की राशि) की कटौती पाँच वर्षों तक''**के दंड को पूर्ववत् बरकरार रखा जाता है।

आदेश :–आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प की प्रति बिहार राजपत्र के अगले अंक में प्रकाशित किया जाय तथा इसकी प्रति सभी संबंधित को भेज दी जाय।

बिहार–राज्यपाल के आदेश से,
भीम प्रसाद, संयुक्त सचिव।

सं0 2/सी0–01–28/2016–सा0प्र0–360

संकल्प
9 जनवरी 2019

श्री धीरेन्द्र कुमार झा (बि0प्र0से0), कोटि क्रमांक 578/11, तत्कालीन विषेष भू–अर्जन पदाधिकारी, पटना, बाढ़ सुरक्षा योजना, पटना सम्प्रति अपर समाहर्त्ता, सहरसा के विरूद्ध पंचाटियों को नियम विरूद्ध आर्थिक लाभ पहुंचाने हेतु जालसाजों के मेल से सरकारी अभिलेख मे गलत तथ्य अंकित कर, जालसाजी से तैयार किये गये पूर्व तिथि अंकित आवेदन पत्रों को अपने पद का दुरूपयोग कर न्यायालय में विचारण हेतु भेजने के आरोप के लिए संयुक्त सचिव–सह–निदेषक, भू–अर्जन एवं पुनर्वास, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक 1748 दिनांक 21.10.2016 द्वारा आरोप–पत्र प्रपत्र 'क' गठित कर विभाग को उपलब्ध कराया गया।

श्री झा को आरोप के संबंध में विभागीय पत्रांक 15934 दिनांक 29.11.2016 द्वारा स्पष्टीकरण समर्पित करने का निदेष दिया गया। उक्त के आलोक में श्री झा के पत्रांक 933 दिनांक 23.12.2016 द्वारा स्पष्टीकरण समर्पित किया गया। श्री झा द्वारा समर्पित स्पष्टीकरण पर विभागीय पत्रांक 2059 दिनांक 20.02.2017 द्वारा जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना से मंतव्य की मांग की गई। उक्त के आलोक में जल संसाधन विभाग के पत्रांक 784 दिनांक 22.05.2017 से प्राप्त मंतव्य में श्री झा के स्पष्टीकरण को स्वीकारयोग्य नहीं पाया गया।अनुशासनिक प्राधिकार द्वारा श्री झा के विरूद्ध प्रतिवेदित आरोप, समर्पित स्पष्टीकरण एवं जल संसाधन विभाग से प्राप्त मंतव्य के विचारोपरान्त बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली, 2005 के नियम–17 के संगत प्रावधानों के तहत् विभागीय संकल्प ज्ञापांक 15293 दिनांक 01.12.2017 द्वारा

विभागीय कार्यवाही संचालित किया गया, जिसमें विभागीय जाँच आयुक्त, बिहार, पटना को संचालन पदाधिकारी नियुक्त किया गया।

संचालन पदाधिकारी द्वारा प्रतिवेदित आरोप, आरोपित पदाधिकारी का लिखित बयान, विभागीय मंतव्य एवं विभागीय मंतव्य पर आरोपित पदाधिकारी की लिखित प्रतिक्रिया पर सुनवाई के उपरान्त विष्लेषणोपरान्त दिया गया अन्तिम निष्कर्ष निम्नवत् हैः—

"इस प्रकारस्पष्ट है कि आरोपित पदाधिकारी श्री झा ने नियमों और कानूनों की जानकारी रहते हुए भी जान—बूझकर निजी स्वार्थ हेतु इन पंचाटियों को निर्धारित समय—सीमा के लगभग तीस वर्षों बाद अतिरिक्त लाभ पहुँचाने हेतु उनका रिफरेंस व्यवहार न्यायालय, नवादा में भेज दिया। आरोपित पदाधिकारी ने यह गलत तथ्य अभिलेख में अंकित किया कि संबंधित आवेदन 30 वर्ष पूर्व मुआवजा प्राप्त करने के समय दिये गये थे। यह बिल्कुल विश्वास करने लायक बात नहीं है कि 1981—82 एवं 1982—83 के बाद से दिनांक 29.03.09 तक वहाँ पदस्थापित किसी भी विषेष भू—अर्जन पदाधिकारी ने इन तथाकथित लम्बित आवेदनों को नहीं देखा और उनका संज्ञान नहीं लिया। इस प्रकार आरोपित पदाधिकारी का बचाव बयान तथा विभागीय मंतव्य पर उनकी प्रतिक्रिया न तो नियमसंगत है और न ही तथ्यों एवं साक्ष्यों पर आधारित है। ऐसी परिस्थिति मे उनके विरूद्ध लगाया गया आरोप प्रमाणित होता है।"

प्रमाणित आरोप के लिएविभागीय पत्रांक 3669 दिनांक 16.03.2018 द्वाराश्री झा से अभ्यावेदन की मांग किये जाने पर उनके पत्रांक 25—1 दिनांक 31.03.2018 द्वारा अभ्यावेदन समर्पित किया गया।

श्री झा द्वारा अभ्यावेदन में कहा गया है कि प्रष्नगत मामले में ना कोई साक्ष्य है और न ही गवाह, परन्तु आरोप प्रमाणित प्रतिवेदित है। यह भी उल्लेखनीय है कि वर्णित पदस्थापन काल से पूर्व अपने 25 वर्षों की सेवा अवधि में उनके विरूद्ध कोई आरोप प्रतिवेदित नहीं है और न ही उक्त पदस्थापन पश्चात् की अवधि में। विभाग द्वारा उनके पदस्थापन काल की अवधि की वार्षिक गोपनीय अभियुक्ति पर भी विचार नहीं किया गया। तथ्यों से स्पष्ट है कि संचालन पदाधिकारी द्वारा कोई भी नियम विरूद्ध कार्य किये जाने अथवा उनके कार्य से सरकार को कोई भी आर्थिक क्षति होने का आरोप प्रमाणित नहीं पाया गया है। उनके द्वारा अभ्यावेदन को स्वीकार करते हुए लगाये गये आरोपों से मुक्त करने का अनुरोध किया गया है।

श्री झा के विरूद्ध प्रतिवेदित आरोप, इनके द्वारा समर्पित अभ्यावेदन एवं संचालन पदाधिकारी से प्राप्त जाँच प्रतिवेदन की सम्यक् समीक्षा की गयी। समीक्षा में पाया गया कि श्री झा द्वारा अपने बचाव अभ्यावेदन में किसी नये तथ्य का उल्लेख नहीं किया गया है। उनके द्वारा अभ्यावेदन में उन्हीं तथ्यों का उल्लेख किया गया है, जो उनके द्वारा पूर्व में समर्पित स्पष्टीकरण में किया गया था। इस संदर्भ में उल्लेखनीय है कि संचालन पदाधिकारी द्वारा प्रतिवेदित आरोप, आरोपित पदाधिकारी का लिखित बयान, विभागीय मंतव्य एवं विभागीय मंतव्य पर आरोपित पदाधिकारी की लिखित प्रतिक्रिया पर सुनवाई के उपरान्त निष्कर्ष स्वरूप प्रतिवेदित किया गया है कि आरोपित पदाधिकारी श्री झा द्वारा नियमों और कानूनों की जानकारी रहते हुए भी जान—बूझकर निजी स्वार्थ हेतु उनका रेफरेंस व्यवहार न्यायालय, नवादा को भेज दिया गया। उनके द्वारा गलत तथ्य अभिलेख में अंकित किया गया कि संबंधित आवेदन 30 वर्ष पूर्व मुआवजा प्राप्त करने के समय दिये गये थे। यह बिल्कुल विष्वास करने लायक बात नहीं है कि वर्ष 1981—82 एवं 1982—83 के बाद से दिनांक 29.03.2009 तक वहाँ पदस्थापित किसी भी विशेष भू—अर्जन पदाधिकारी द्वारा इन तथाकथित लम्बित आवेदनों को नहीं देखा गया और संज्ञान नहीं लिया गया। श्री झा का बचाव बयान तथा विभागीय मंतव्य पर उनकी प्रतिक्रिया नियमसंगत तथा तथ्यों एवं साक्ष्यों पर आधारित नहीं है। अतः उनके विरूद्ध लगाया गया आरोप प्रमाणित होता है।

अतएव उपर्युक्त प्रमाणित आरोपों के आलोक में श्री झा द्वारा समर्पित अभ्यावेदन को अनुषासनिक प्राधिकार द्वारा स्वीकारयोग्य नहीं पाया गया। अनुशासनिक प्राधिकार द्वारा श्री धीरेन्द्र कुमार झा (बि0प्र0से0), कोटि क्रमांक 578/11, तत्कालीन विशेष भू—अर्जन पदाधिकारी, बाढ़ सुरक्षा योजना, पटना सम्प्रति अपर समाहर्त्ता, सहरसा के विरूद्ध प्रमाणित आरोप के लिए बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली, 2005 के नियम—14 के संगत प्रावधानों के तहत् निम्नांकित दंड अधिरोपित करने का विनिष्चय किया गया।

(i) देय तिथि से प्रोन्नति पर पाँच वर्षों तक रोक तथा

(ii) तीन वेतनवृद्धि पर संचयात्मक प्रभाव से रोक।

अनुशासनिक प्राधिकार द्वारा विनिश्चय दंड प्रस्ताव पर विभागीय पत्रांक 7970 दिनांक 15.06.2018 द्वारा बिहार लोक सेवा आयोग से मंतव्य की मांग की गई, जिसके आलोक में आयोग के पत्रांक 2620 दिनांक 31.12.2018 द्वारा विनिश्चय दंड प्रस्ताव पर सहमति व्यक्त की गई है।

अतएव सम्यक् समीक्षोपरान्त श्री धीरेन्द्र कुमार झा (बि0प्र0से0), कोटि क्रमांक 578/11, तत्कालीन विशेष भू—अर्जन पदाधिकारी, बाढ़ सुरक्षा योजना, पटना सम्प्रति अपर समाहर्त्ता, सहरसा के विरूद्ध प्रमाणित आरोपों के लिए अनुशासनिक प्राधिकार द्वारा विनिश्चित दंड प्रस्ताव एवं बिहार लोक सेवा आयोग से प्राप्त परामर्श के आलोक में निम्नलिखित दंड अधिरोपित एवं संसूचित किया जाता हैः—

(i) देय तिथि से प्रोन्नति पर पाँच वर्षों तक रोक तथा

(ii) तीन वेतनवृद्धि पर संचयात्मक प्रभाव से रोक।

आदेश :–आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प की प्रति अनुबंध की प्रति भी संबंधितों को जानकारी एवं आवश्यक कार्रवाई के लिए भेज दी जाय।

बिहार–राज्यपाल के आदेश से,
राम बिशुन राय, अवर सचिव।

सं0 2/नि0था0–11–05/2013–सा0प्र0–361

संकल्प
9 जनवरी 2019

श्री देवेन्द्र प्रसाद (सेवानिवृत्त बि0प्र0से0), कोटि क्रमांक 308/08, 132/11, तत्कालीन विशेष सचिव, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, बिहार, पटना के विरूद्ध विशेष निगरानी इकाई थाना कांड संख्या–01/13 दिनांक 20.11.2013, धारा–13(2) सह पठित–13(1)(e) भ्रष्टाचार निरोधक अधिनियम, 1988 के तहत प्रत्यानुपातिक धन/परिसंपत्ति अर्जित करने का आरोप पुलिस महानिरीक्षक, विशेष निगरानी इकाई, बिहार, पटना के पत्रांक 667 दिनांक 20.11.2013 द्वारा प्रतिवेदित किया गया।

उक्त प्रतिवेदित आरोपों के लिए अनुशासनिक प्राधिकार के आदेशानुसार श्री प्रसाद को विभागीय संकल्प ज्ञापांक 19351 दिनांक 20.12.2013 द्वारा निलंबित किया गया। अनुशासनिक प्राधिकार के निर्णयानुसार विभागीय संकल्प ज्ञापांक 2508 दिनांक 21.02.2014 द्वारा श्री प्रसाद के विरूद्ध विभागीय कार्यवाही संचालित की गयी, जिसमें विभागीय जाँच आयुक्त, बिहार, पटना को संचालन पदाधिकारी नियुक्त किया गया।

श्री प्रसाद की वार्द्धक्य सेवानिवृत्ति की तिथि 28.02.2014 होने के कारणवश विभागीय संकल्प ज्ञापांक 2847 दिनांक 28.02.2014 द्वारा दिनांक 28.02.2014 के प्रभाव से उन्हें निलम्बन मुक्त किया गया। तत्पश्चात श्री प्रसाद के विरूद्ध संचालित विभागीय कार्यवाही को विभागीय संकल्प ज्ञापांक 2859 दिनांक 03.03.2014 द्वारा बिहार पेंशन नियमावली के नियम–43(बी) के तहत सम्परिवर्तित किया गया।

अपर विभागीय जाँचआयुक्त–सह–संचालन पदाधिकारी के पत्रांक 15 दिनांक 06.04.2018 द्वारा जाँच प्रतिवेदन उपलब्ध कराया गया, जिसमें संचालन पदाधिकारी द्वारा श्री प्रसाद के विरूद्ध प्रतिवेदित आरोप को प्रमाणित प्रतिवेदित किया गया। संचालन पदाधिकारी का निष्कर्ष निम्नवत् है :–

"श्री देवेन्द्र प्रसाद, बि0प्र0से0, कोटि क्रमांक 308/08, 132/11, तत्कालीन विशेष सचिव, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, बिहार, पटना सम्प्रति–सेवानिवृत्त के विरूद्ध संचालित विभागीय कार्यवाही संख्या–17/14 के मामले में सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना के संकल्प ज्ञापांक–1/नि0था0– 11–05/2013–सा0प्र0–2508/पटना दिनाक 21.02.2014 के द्वारा भेजे गये जाँच पत्र, गठित आरोप–पत्र प्रपत्र 'क' तथा इसके साथ संलग्न विशेष निगरानी इकाई थाना कांड संख्या–01/13 दिनांक 20.11.2013 जो भ्रष्टाचार निरोधक अधिनियम, 1988 की धारा–13(2) सहपठित 3(1)(e) के अन्तर्गत दर्ज की गई है तथा इसके साथ संलग्न साक्ष्यों, आरोपित पदाधिकारी के द्वारा प्रस्तुत किये गए कारण–पृच्छा, कंडिकावार स्पष्टीकरण एवं लिखित बहस तथा श्री ब्रजेश्वर पांडेय, सरकार के अवर सचिव, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, बिहार, पटना–सह–प्रस्तुतीकरण पदाधिकारी के मंतव्य के अवलोकन के उपरान्त यह विदित होता है कि श्री देवेन्द्र प्रसाद, बि0प्र0से0, कोटि क्रमांक 308/08, 132/11, तत्कालीन विशेष सचिव, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, बिहार, पटना सम्प्रति–सेवानिवृत्त के विरूद्ध अपने व्यक्तिगत लाभ तथा परिवार के सदस्यों के व्यक्तिगत लाभ के लिए सरकारी पद का दुरूपयोग कर अप्रत्यानुपातिक धनोपार्जन करने का आरोप विशेष निगरानी इकाई द्वारा जाँचोपरान्त साक्ष्य एवं विधि सम्मत आकलन पर आधारित है। श्री देवेन्द्र प्रसाद, बि0प्र0से0, कोटि क्रमांक 308/08, 132/11, तत्कालीन विशेष सचिव, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, बिहार, पटना सम्प्रति–सेवानिवृत्त के विरूद्ध लगाया गया आरोप प्रमाणित होता है।"

विभागीय पत्रांक 7287 दिनांक 01.06.2018 द्वारा जाँच प्रतिवेदन के आलोक में श्री प्रसाद से बचाव अभ्यावेदन की मांग की गयी। उक्त के आलोक में श्री प्रसाद द्वारा दिनांक 25.06.2018 को अपना बचाव अभ्यावेदन समर्पित किया गया, जिसमें श्री प्रसाद द्वारा कहा गया है कि :–

"मैं दिनांक 28.02.2014 को सेवानिवृत्त हुआ। ज्ञापांक 2508 दिनांक 28.02.2014 द्वारा मेरे विरूद्ध विभागीय कार्रवाई प्रारंभ की गयी लेकिन उसकी जानकारी मुझे सेवानिवृति के बाद मिली। मेरे खिलाफ पटना निगरानी थाना कांड संख्या 1/13 लंबितहै।

प्रसंगाधीन पत्र के संबंध में मुझे कहना है कि जाँच पदाधिकारी के प्रतिवेदन में मेरे खिलाफ एक भी आरोप प्रमाणित नहीं हुआ है। इसके बावजूद बिना मेरे स्पष्टीकरण पर बिन्दुवार विचार किये हुए दूसरा स्पष्टीकरण बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली, 2005 के संगत प्रावधान के तहत माँगना नियम के विरूद्ध है।

मेरी सेवानिवृत्ति दिनांक 28.02.2014 को हो गयी है। सेवानिवृत्ति के पश्चात उपरोक्त दूसरा स्पष्टीकरण मांगना नियम के विरूद्ध है। मैंने अपने स्पष्टीकरण में अपने आय के विरूद्ध बिन्दुवार जवाब दिया है, जिसका पुनः अवलोकन करना अनिवार्य है।

अतः उपरोक्त परिस्थिति में मुझे दोषमुक्त करने की कृपा की जाय।"

श्री प्रसाद द्वारा समर्पित बचाव अभ्यावेदन में किसी नये तथ्य का उल्लेख नहीं किया गया। उनके द्वारा उन्हीं तथ्यों का उल्लेख किया गया, जो उनके द्वारा पूर्व में किया गया था।

अनुशासनिक प्राधिकार द्वारा श्री प्रसाद के विरूद्ध प्रतिवेदित आरोप, इनसे प्राप्त बचाव बयान एवं संचालन पदाधिकारी के जाँच प्रतिवेदन की सम्यक् समीक्षा की गयी। समीक्षा में पाया गया कि समीक्षोपरान्त श्री प्रसाद के प्रतिवेदन एवं

प्रतिवेदित आरोप एवं संचालन पदाधिकारी से प्राप्त जाँच प्रतिवेदन के आलोक में श्री प्रसाद द्वारा समर्पित बचाव अभ्यावेदन स्वीकार योग्य नहीं पाया गया। तदनुसार संचालन पदाधिकारी के प्रतिवेदन से सहमत होते हुए श्री देवेन्द्र प्रसाद (सेवानिवृत्त बि0प्र0से0), कोटि क्रमांक 308/08, 132/11, तत्कालीन विशेष सचिव, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, बिहार, पटना के विरूद्ध बिहार पेंशन नियमावली के नियम–43(बी) के तहत् श्री प्रसाद का **'शत–प्रतिशत (100%) पेंशन स्थायी रूप से अवरूद्ध'** करने का दंड विनिश्चित किया गया।

श्री प्रसाद के विरूद्ध विनिश्चित दंड प्रस्ताव पर विभागीय पत्रांक 12254 दिनांक 12.09.2018 द्वारा बिहार लोक सेवा आयोग से परामर्श की मांग की गई। उक्त के आलोक में बिहार लोक सेवा आयोग के पत्रांक 2619 दिनांक 31.12.2018 द्वारा दण्ड प्रस्ताव से सहमति व्यक्ति की गयी।

उपर्युक्त वर्णित तथ्यों के आलोक में श्री प्रसाद के विरूद्ध प्रमाणित आरोपों के लिए विनिश्चिदंड एवं बिहार लोक सेवा आयोग से प्राप्त मंतव्य के आलोक में राज्य सरकार द्वारा बिहार पेंशन नियमावली के नियम–43(बी) के तहत श्री प्रसाद का *''शत–प्रतिशत (100%) पेंशन स्थायी रूप से अवरूद्ध''* किये जाने का निर्णय लिया गया।

अतएव सरकार के निर्णयानुसार श्री देवेन्द्र प्रसाद (सेवानिवृत्त बि0प्र0से0), कोटि क्रमांक 308/08, 132/11, तत्कालीन विशेष सचिव, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, बिहार, पटना को बिहार पेंशन नियमावली के नियम–43(बी) के प्रावधानों के तहत श्री प्रसाद का *''शत–प्रतिशत (100%) पेंशन स्थायी रूप से अवरूद्ध''* कि ये जाने का दंड अधिरोपित एवं संसूचित किया जाता है।

आदेशः–आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प की प्रति बिहार राजपत्र के अगले अंक में प्रकाशित किया जाय तथा इसकी प्रति सभी संबंधित को भेज दी जाय।

बिहार–राज्यपाल के आदेश से,
राम बिशुन राय, अवर सचिव।

सं0 2/आरोप–01–26/2016–सा0प्र0–367

संकल्प
9 जनवरी 2019

श्री कृष्ण मोहन प्रसाद (बि0प्र0से0), कोटि क्रमांक 472/11, तत्कालीन जिला आपूर्ति पदाधिकारी–सह–काराधीक्षक, मंडल कारा, दरभंगा सम्प्रति जिला प्रबंधक, बिहार राज्य खाद्य एवं असैनिक आपूर्ति निगम, गया के विरूद्ध कारा एवं सुधार सेवाएँ निरीक्षणालय, गृह विभाग (कारा) के पत्रांक 7456 दिनांक 15.12.2016 द्वारा काराधीक्षक, मंडल कारा, दरभंगा के पदस्थापन अवधि में बन्दी सियाराम सहनी की मृत्यु के संबंध में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग द्वारा दी गयी टिप्पणी में कारा प्रशासन को दोषी पाये जाने के फलस्वरूप श्री प्रसाद के विरूद्ध बन्दी के ईलाज में लापरवाही एवं असंवेदनशीलता बरतने के लिए आरोप–पत्र प्रपत्र 'क' गठित कर विभाग को उपलब्ध कराया गया।

श्री प्रसाद के विरूद्ध प्रतिवेदित आरोप के आलोक में विभागीय पत्रांक 91 दिनांक 06.01.2017 द्वारा स्पष्टीकरण समर्पित करने का निदेश दिया गया। पुनः विभागीय पत्रांक 334 दिनांक 05.01.2018 द्वारा श्री प्रसाद को स्मारित भी किया गया। उल्लेखनीय है कि जिला पदाधिकारी, गया के पत्रांक 1362 दिनांक 14.02.2018 द्वारा विभाग को उपलब्ध कराये गये पत्र में श्री प्रसाद को तामिला प्रतिवेदन भी उपलब्ध है, जिसमें दिनांक 04.02.2018 को श्री प्रसाद को पत्र का तामिला कराया गया है, लेकिन इसके बावजूद भी श्री प्रसाद का स्पष्टीकरण सम्प्रति अप्राप्त रहा।

अनुशासनिक प्राधिकार द्वारा श्री प्रसाद के विरूद्ध प्रतिवेदित आरोप के सम्यक् विचारोपरान्त अनुलग्नक अनुबंध में अंतर्विष्ट आरोपों की जाँच के लिए बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली के संगत प्रावधानों के तहत् विभागीय संकल्प ज्ञापांक 5848 दिनांक 08.05.2018 द्वारा विभागीय कार्यवाही संचालित की गयी, जिसमें विभागीय जाँच आयुक्त, बिहार, पटना को संचालन पदाधिकारी नियुक्त किया गया।

विभागीय जाँच आयुक्त, बिहार, पटना के पत्रांक 600 दिनांक 17.07.2018 द्वारा जाँच प्रतिवेदन प्राप्तहुआ, जिसमें संचालन पदाधिकारी द्वारा श्री प्रसाद के विरूद्ध प्रतिवेदित आरोप को अंशतः प्रमाणित पाया गया।

संचालन पदाधिकारी का विश्लेषण एवं जाँच परिणाम तथा अन्तिम निष्कर्ष निम्नवत् है :–

''.............. इस प्रकार मंडल कारा, दरभंगा में रंगदारी वसूलने, मार–पीट करने आदि की घटनायें घट रही थी और जेल प्रशासन का उस पर नियंत्रण नहीं था, बल्कि कारापाल जैसे कुछ कर्मियों की उसमें सहभागिता भी किसी–न–किसी रूप में पायी गयी। यद्यपि यह सही है कि श्री कृष्ण मोहन प्रसाद मूल रूप में जिला आपूर्ति पदाधिकारी, दरभंगा के रूप में पदस्थापित थे, किन्तु काराधीक्षक, मंडल कारा, दरभंगा के अतिरिक्त प्रभार में होने के नाते उनकी जिम्मेदारी थी कि वह काराधीक्षक के दायित्वों का निर्वहन समुचित रूप से करते। कारा हस्तक, 2012 के नियम–796 और 797 में यह स्पष्ट रूप से कहा गया है कि अधीक्षक को सुरक्षा एवं अभिरक्षा प्रबंधों, बन्दियों को अनुशासन, नियंत्रण आदि करना है और कारा में प्रवेश के 24 घंटे के भीतर प्रत्येक बंदी से काराधीक्षक को व्यक्तिगत रूप से मिलना है तथा उन्हें यह भी देखना है कि स्वास्थ्य के लिए कारा में अन्य कोई भी हानिकारक चीज नहीं है। कारा अधीक्षक को बन्दियों की सुरक्षित अभिरक्षा, सुरक्षा एवं कल्याण की ओर विशेष ध्यान भी देना है। आरोपित पदाधिकारी ने ऐसा कोई साक्ष्य नहीं दिया है कि वह जिला पदाधिकारी से छुट्टी लेकर घटना के दिन मुख्यालय से बाहर थे। इसके अलावा कारा हस्तक, 2012 के नियम–798 में कारा उपाधीक्षक (कारापाल) का मुख्य कर्त्तव्य बंदियों की सुरक्षित अभिरक्षा और अनुशासन का पालन कराना है और उसे अस्पताल तथा कारा के प्रत्येक

भाग/प्रकोष्ठ में प्रत्येक बंदी से 24 घंटे में कम–से–कम एक बार अवश्य मिलना है, किन्तु दिनांक 17.08.2012 को बंदी सियाराम सहनी के अत्यंत उग्र एवं बेचैन होने तथा हंगामा करने के बावजूद कारापाल ने उसे अस्पताल में इलाज के लिए तब नहीं भेजा था, बल्कि गला काटने की घटना घटने के बाद अस्पताल भेजा था, इसलिए वहतोमुख्य रूप से जिम्मेदार हैं ही, किन्तु कारा अधीक्षक होने के नाते वह (श्री कृष्ण मोहन प्रसाद) भी उस दायित्व से पूरी तरह मुक्त नहीं हो सकते, क्योंकि समूचा कारा प्रशासन अधीक्षक के अधीन होता है। इस प्रकार आरोपित पदाधिकारी श्री कृष्ण मोहन प्रसाद इस आरोप में आंशिक रूप से दोषी पाये जाते हैं।''

विभागीय पत्रांक 10586 दिनांक 07.08.2018 द्वारा श्री प्रसाद से संचालन पदाधिकारी द्वारा समर्पित जाँच प्रतिवेदन में अंशतः प्रमाणित आरोप के लिए अभ्यावेदन की मांग की गयी एवं स्मारित भी किया गया, किन्तु श्री प्रसाद का बचाव बयान/अभ्यावेदन अबतक अप्राप्त है।

श्री प्रसाद द्वारा संचालन पदाधिकारी के जाँच प्रतिवेदन में अंशतः प्रमाणित पाये गये आरोप के लिए बचाव बयान/अभ्यावेदन समर्पित नहीं किये जाने से यह समझे जाने का पर्याप्त आधार बनता है कि श्री प्रसाद को अंशतः प्रमाणित पाये गये आरोप के संबंध में कुछ नहीं कहना है।

उपर्युक्त तथ्यों के आलोक में अनुशासनिक प्राधिकार द्वारा श्री प्रसाद के विरूद्ध प्रतिवेदित आरोप एवं संचालन पदाधिकारी से प्राप्त जाँच प्रतिवेदन की समीक्षा की गई। समीक्षोपरान्त पाया गया कि श्री प्रसाद द्वारा मंडल कारा, दरभंगा के प्रभारी अधीक्षक के रूप में कर्त्तव्य का सजगतापूर्वक निर्वहन नहीं किया गया एवं आंतरिक प्रशासन पर पर्याप्त निगरानी नहीं रख पाए, जिसके कारण बंदी द्वारा आत्महत्या किया गया। अनुशासनिक प्राधिकार द्वारा प्रतिवेदित आरोप एवं संचालन पदाधिकारी द्वारा समर्पित जाँच प्रतिवेदन में अंशतः प्रमाणित आरोप के लिए बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली, 2005 के नियम–14 के संगत प्रावधानों के तहत् श्री प्रसाद को 'निन्दन तथा दो वेतनवृद्धियों पर असंचयात्मक प्रभाव से रोक' का दंड अधिरोपित करने का निर्णय लिया गया।

अनुशासनिक प्राधिकार के निर्णयानुसार श्री कृष्ण मोहन प्रसाद (बि0प्र0से0), कोटि क्रमांक 472/11, तत्कालीन जिला आपूर्ति पदाधिकारी–सह–काराधीक्षक, मंडल कारा, दरभंगा सम्प्रति जिला प्रबंधक, बिहार राज्य खाद्य एवं असैनिक आपूर्ति निगम, गया के विरूद्ध बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली, 2005 के नियम–14 के संगत प्रावधानों के तहत् श्री प्रसाद को निम्नांकित दंड अधिरोपित एवं संसूचित किया जाता है :–

(i) निन्दन (आरोप वर्ष 2012–13) तथा

(ii) दो वेतन वृद्धियों पर असंचयात्मक प्रभाव से रोक।

आदेश :–आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प की प्रति बिहार राजपत्र के अगले अंक में प्रकाशित किया जाय तथा इसकी प्रति सभी संबंधित को भेज दी जाय।

बिहार–राज्यपाल के आदेश से,
राम बिशुन राय, अवर सचिव।

सं0 2/सी0–03–30273/2002–सा0प्र0–449

संकल्प
10 जनवरी 2019

श्री महेन्द्र कुमार भारती (सेवानिवृत्त बि0प्र0से0), कोटि क्रमांक 129/11, तत्कालीन कार्यपालक दंडाधिकारी–सह–प्रभारी काराधीक्षक, आदर्श कारा, बेऊर, पटना के विरूद्ध बन्दी विधायक श्री राजन तिवारी को अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली से चिकित्सा के उपरान्त डिस्चार्ज होने पर विभागीय आदेश के अनुसार केन्द्रीय कारा, बक्सर न ले जाकर विभागीय निर्देश एवं सभी नियमों का उल्लंघन करते हुए बिना मेडिकल बोर्ड एवं बिना जिला पदाधिकारी, पटना की स्वीकृति के पी0एम0सी0एच0 में भर्ती करा देने संबंधी आरोप गृह (विशेष) विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक 2500 दिनांक 28.08.2002 द्वारा प्रतिवेदित किया गया।

उक्त के आलोक में विभागीय पत्रांक 9553 दिनांक 09.07.2014 द्वारा श्री भारती से स्पष्टीकरण किया गया। स्पष्टीकरण प्राप्त नहीं होने की स्थिति में इन्हें स्मारित भी किया गया। श्री भारती का स्पष्टीकरण अप्राप्त रहने की स्थिति में इनके विरूद्ध आरोपों की गम्भीरता को देखते हुए विभागीय संकल्प ज्ञापांक 15132 दिनांक 07.11.2014 द्वारा विभागीय कार्यवाही संचालित की गयी, जिसमें आयुक्त, पटना प्रमंडल, पटना को संचालन पदाधिकारी नियुक्त किया गया।

आयुक्त के सचिव, पटना प्रमंडल, पटना के ज्ञापांक 2403 दिनांक 06.12.2014 द्वारा श्री भारती के विरूद्ध संचालित विभागीय कार्यवाही को संयुक्त आयुक्त, विभागीय जाँच, पटना प्रमंडल, पटना को हस्तान्तरित किया गया।

श्री भारती के दिनांक 30.11.2016 को सेवानिवृत्त हो जाने के कारण विभागीय संकल्प ज्ञापांक 15132 दिनांक 07.11.2014 द्वारा इनके विरूद्ध संचालित विभागीय कार्यवाही को विभागीय संकल्प ज्ञापांक 19 दिनांक 02.01.2017 द्वारा बिहार पेंशन नियमावली के नियम–43(बी) के तहत सम्परिवर्तित किया गया।

संयुक्त आयुक्त, विभागीय जाँच, पटना प्रमंडल, पटना के पत्रांक 83 दिनांक 18.05.2018 द्वारा विभागीय कार्यवाही का जाँच प्रतिवेदन समर्पित किया गया, जिसमें संचालन पदाधिकारी द्वारा श्री भारती के विरूद्ध आरोपों को प्रमाणित प्रतिवेदित किया गया। उक्त प्रमाणित आरोपों के लिए विभागीय पत्रांक 6993 दिनांक 29.05.2018 द्वारा श्री भारती से अभ्यावेदन/बचाव बयान की मांग की गयी। उक्त के आलोक में श्री भारती द्वारा दिनांक 13.06.2018 को अपना अभ्यावेदन/बचाव बयान समर्पित किया गया।

श्री भारती के विरूद्ध प्रतिवेदित आरोप, समर्पित अभ्यावेदन एवं संचालन पदाधिकारी से प्राप्त जाँच प्रतिवेदन की अनुशासनिक प्राधिकार द्वारा सम्यक् समीक्षा की गयी। समीक्षा में पाया गया कि श्री भारती द्वारा अपने अभ्यावेदन/बचाव बयान में उन्हीं तथ्यों का उल्लेख किया गया है, जो उनके द्वारा पूर्व में किया गया था। उनके द्वारा किसी नये तथ्य का उल्लेख नहीं किया गया। इस संदर्भ में उल्लेखनीय है कि श्री भारती के विरूद्ध प्रतिवेदित आरोप, आरोपित पदाधिकारी का बचाव बयान/स्पष्टीकरण, उपस्थापन पदाधिकारी का मंतव्य, आरोपित पदाधिकारी का पूरक बचाव बयान/स्पष्टीकरण के विश्लेषणोपरान्त संचालन पदाधिकारी द्वारा दिया गया निष्कर्ष निम्नवत् हैः–

आरोप सं0 1ः–विभागीय पत्रांक 624 दिनांक 18.07.2001 में दिये गये निदेश का अनुपालन सुनिश्चित कराना आरोपी पदाधिकारी का दायित्व था। आरोपी पदाधिकारी का बचाव बयान कि वह मूल रूप में कार्यपालक दंडाधिकारी के रूप में पदस्थापित थे तथा आदर्श केन्द्रीय कारा, बेउर के अतिरिक्त प्रभार में थे तथा जिस समय वे अपने आवास पर ही थे, जो कारा से काफी दूर था तथा कारापाल ने अपने स्तर से ही बंदी विधायक श्री राजन तिवारी को पी.एम.सी.एच., पटना भेज दिया, मान्य नहीं हो सकता है, क्योंकि सरकारी निदेशों की अवहेलना कर बंदी विधायक श्री राजन तिवारी को पी.एम.सी.एच., पटना भेजे जाने के बाद काराधीक्षक के रूप में इनके द्वारा कोई भी अनुवर्ती कार्रवाई नहीं की गयी, जो स्पष्ट रूप से इनकी कर्त्तव्यहीनता तथा दोषपूर्ण कार्यशैली को प्रमाणित करता है। इसके अतिरिक्त वरीय पुलिस अधीक्षक, पटना ने अपने पत्रांक 8353 दिनांक 23.07.2002 तथा अधीक्षक, पी.एम.सी.एच. ने अपने पत्रांक 6305 दिनांक 26.07.2002 में स्पष्ट रूप से उल्लेख किया है कि तत्कालीन काराधीक्षक (आरोपित पदाधिकारी) की अनुशंसा पर ही बंदी विधायक श्री राजन तिवारी को पी.एम.सी. एच., पटना में भर्ती किया गया। सरकार द्वारा गठित प्रपत्र 'क' के साथ आरोपी पदाधिकारी को उक्त दोनों पत्र उपलब्ध कराये गये, परन्तु आरोपी पदाधिकारी द्वारा घटना को 15 साल पूर्व का बताते हुए उसके संबंध में पूरी जानकारी एवं याद नहीं रहने का उल्लेख करते हुए बचाव बयान में इन आरोपों के विरोध में अपना पक्ष नहीं रखा है। स्पष्ट है कि आरोपी पदाधिकारी द्वारा विभागीय पत्रांक 624 दिनांक 18.07.2001 के विहित प्रावधानों तथा पत्रांक 1215 दिनांक 14.05.2002 में दिये गये निदेशों की अवहेलना कर बंदी विधायक श्री राजन तिवारी को पी.एम.सी.एच., पटना में भर्ती कराया गया था। आरोपित पदाधिकारी द्वारा बंदी विधायक श्री राजन तिवारी को पी.एम.सी.एच., पटना में भर्ती कराये जाने की सूचना भी अपने वरीय पदाधिकारी को ससमय नहीं दिया गया।

आरोप सं0 2ः–आरोप सं0 1 का प्रमाणित होना स्पष्ट करता है कि आरोपित पदाधिकारी का आचरण सरकारी सेवक आचार नियमावली, 1976 के प्रावधानों का उल्लंघन है।

अनुशासनिक प्राधिकार द्वारा समीक्षोपरान्त संचालन पदाधिकारी के प्रतिवेदन से सहमत होते हुए श्री महेन्द्र कुमार भारती (सेवानिवृत्त बि0प्र0से0), कोटि क्रमांक 129/11, तत्कालीन कार्यपालक दंडाधिकारी–सह–प्रभारी काराधीक्षक, आदर्श कारा, बेऊर, पटना के विरूद्ध प्रमाणित पाये गये आरोपों के लिए बिहार पेंशन नियमावली के नियम–43(बी) के प्रावधानों के तहत् इनके ''**पेंशन से 5% राशि 05 (पाँच) वर्षों तक कटौती**'' का दंड विनिश्चित किया गया।

श्री भारती के विरूद्ध अनुशासनिक प्राधिकार द्वारा विनिश्चित दंड प्रस्ताव पर विभागीय पत्रांक 10560 दिनांक 06.08. 2018 द्वारा बिहार लोक सेवा आयोग, बिहार, पटना से सहमति/परामर्श की मांग की गयी। उक्त के आलोक में बिहार लोक सेवा आयोग के पत्रांक 2622 दिनांक 31.12.2018 द्वारा सहमति/परामर्श समर्पित किया गया, जिसमें श्री भारती के विरूद्ध विभागीय दंड प्रस्ताव पर सहमति व्यक्त की गयी है।

अतएव अनुशासनिक प्राधिकार के निर्णयानुसार श्री महेन्द्र कुमार भारती (सेवानिवृत्त बि0प्र0से0), कोटि क्रमांक 129/11, तत्कालीन कार्यपालक दंडाधिकारी–सह–प्रभारी काराधीक्षक, आदर्श कारा, बेऊर, पटना के विरूद्ध बिहार पेंशन नियमावली के नियम–43(बी) के प्रावधानों के तहत् उनके ''**पेंशन से 5%राशि 05 (पाँच) वर्षों तक कटौती**'' का दंड अधिरोपित एवं संसूचित किया जाता है।

आदेशः–**आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प की प्रति सभी संबंधितों को जानकारी एवं आवश्यक कार्रवाई के लिए भेज दी जाय।**

बिहार–राज्यपाल के आदेश से,
राम बिशुन राय, अवर सचिव।

सं0 2/सी0–10136/2010–सा0प्र0–713

संकल्प
16 जनवरी 2019

श्री महेन्द्र प्रसाद सिंह (सेवानिवृत्त बि0प्र0से0), कोटि क्रमांक 711/11, तत्कालीन प्रशासनिक पदाधिकारी, स्टेट आर0सी0एच0, नामकुम, राँची, झारखंड के विरूद्ध संयुक्त निदेशक, केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो, पटना प्रक्षेत्र के पत्रांक 1895 दिनांक 08.12.2010 से प्राप्त प्रतिवेदन के आलोक में विभागीय स्तर पर आरोप–पत्र प्रपत्र 'क' गठित किया गया।

श्री सिंह के विरूद्ध गठित आरोपों के लिए विभागीय पत्रांक 17932 दिनांक 29.12.2014 द्वारा स्पष्टीकरण की गयी। उक्त के आलोक में श्री सिंह द्वारा दिनांक 31.08.2015 को स्पष्टीकरण समर्पित किया गया। श्री सिंह द्वारा समर्पित स्पष्टीकरण पर विभागीय पत्रांक 1687 दिनांक 03.02.2016 द्वारा कार्मिक, प्रशासनिक सुधार एवं राजभाषा विभाग, झारखण्ड, राँची एवं पत्रांक 1686 दिनांक 03.02.2016 द्वारा केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो, पटना प्रक्षेत्र, पटना से मंतव्य की मांग की गयी। पुलिस अधीक्षक, सी0बी0आई0, ई0ओ0डब्ल्यू0, राँची के पत्रांक 545 दिनांक 22.02.2016 द्वारा मंतव्य समर्पित किया गया।

श्री सिंह के विरूद्ध गठित आरोप प्रपत्र 'क', उनके द्वारा समर्पित स्पष्टीकरण एवं पुलिस अधीक्षक, सी0बी0आई0, ई0ओ0डब्ल्यू0, राँची के मंतव्य पर सम्यक् विचारोपरान्त अनुशासनिक प्राधिकार के निर्णयानुसार श्री सिंह के विरूद्ध आरोपों की वृहद जाँच हेतु बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली, 2005 के नियम–17 के संगत प्रावधानों के तहत विभागीय संकल्प ज्ञापांक 6668 दिनांक 11.05.2016 द्वारा विभागीय कार्यवाही संचालित की गयी, जिसमें विभागीय जाँच आयुक्त, बिहार, पटना को संचालन पदाधिकारी नियुक्त किया गया।

श्री सिंह के दिनांक 31.01.2018 को सेवानिवृत्त हो जाने के कारण विभागीय संकल्प ज्ञापांक 2629 दिनांक 23.02. 2018 द्वारा श्री सिंह के विरूद्ध संस्थित विभागीय कार्यवाही को बिहार पेंशन नियमावली, 1950 के के नियम–43(बी) के तहत् सम्परिवर्तित किया गया।

स्ंचालन पदाधिकारी–सह–विभागीय जाँच आयुक्त, बिहार, पटना (सम्प्रति मुख्य जाँच आयुक्त) के पत्रांक 255 दिनांक 09.03.2018 द्वारा जाँच प्रतिवेदन उपलब्ध कराया गया, जिसमें श्री सिंह के विरूद्ध प्रतिवेदित दोनों आरोपों को अंशतः प्रमाणित पाया गया।

श्री सिंह के विरूद्ध अंशतः प्रमाणित पाये गये आरोपों के लिए विभागीय पत्रांक 3770 दिनांक 19.03.2018 एवं स्मार पत्रांक 6602 दिनांक 22.05.2018 द्वारा अभ्यावेदन की मांग की गयी। उक्त के आलोक में श्री सिंह द्वारा दिनांक 18.05.2018 को अभ्यावेदन समर्पित किया गया है।

श्री सिंह के विरूद्ध प्रतिवेदित आरोप, समर्पित अभ्यावेदन एवं संचालन पदाधिकारी से प्राप्त जाँच प्रतिवेदन की अनुशासनिक प्राधिकार द्वारा सम्यक् समीक्षा की गयी। समीक्षोपरान्त पाया गया कि श्री सिंह द्वारा अपने लिखित अभिकथन में उन्हीं तथ्यों का उल्लेख किया गया है, जिसका उल्लेख उनके द्वारा पूर्व में किया गया था। यहाँ उल्लेखित करना है कि संचालन पदाधिकारी द्वारा दोनों पक्षों द्वारा प्रस्तुत सभी कागजात/दस्तावेजों, आरोप–पत्र, आरोपित पदाधिकारी का लिखित बचाव बयान, आरोपित पदाधिकारी के लिखित बचाव बयान पर विभागीय मंतव्य, विभागीय मंतव्य पर आरोपित पदाधिकारी की प्रतिक्रिया तथा सुनवाई के दौरान प्राप्त तथ्य एवं साक्ष्य की गहराई से जाँच एवं समीक्षा के उपरांत प्रतिवेदन में उल्लेखित किया गया है कि आरोपित पदाधिकारी द्वारा निविदा के कागजातों पर अपना हस्ताक्षर करना और उसके उपरांत यह बचाव लेना कि उन से मात्र हस्ताक्षर करा लिया जाता था, यह बयान उनके प्रशासनिक अकुशलता एवं अपने दायित्वों के प्रति सजगता की कमी को सम्पुष्ट करता है। उक्त आधार पर संचालन पदाधिकारी द्वारा श्री सिंह के विरूद्ध प्रतिवेदित आरोपों को अंशतः प्रमाणित पाया गया है।

अनुशासनिक प्राधिकार द्वारा संचालन पदाधिकारी के प्रतिवेदन से सहमत होते हुए श्री महेन्द्र प्रसाद सिंह (सेवानिवृत्त बि0प्र0से0), कोटिक्रमांक 711/11, तत्कालीन प्रशासनिक पदाधिकारी, झारखण्ड ग्रामीण मिशन सोसाईटी, नामकुम, राँची के विरूद्ध अंशतः प्रमाणित पाये गये आरोपों के लिए बिहार पेंशन नियमावली के नियम–43(बी) के प्रावधानों के तहत् उनके **'पेंशन से 5%राशि की कटौती 05 (पाँच) वर्षों तक करने'** का दंड विनिश्चित किया गया।

अनुशासनिक प्राधिकार द्वारा श्री सिंह के विरूद्ध विनिश्चित दंड प्रस्ताव पर विभागीय पत्रांक 10053 दिनांक 27.07. 2018 द्वारा बिहार लोक सेवा आयोग, बिहार, पटना से सहमति/परामर्श की मांग की गयी। उक्त के आलोक में बिहार लोक सेवा आयोग के पत्रांक 2618 दिनांक 31.12.2018 द्वारा सहमति/परामर्श समर्पित किया गया, जिसमें श्री सिंह के विरूद्ध विभागीय दंड प्रस्ताव पर सहमति व्यक्त की गयी है।

अतः संचालन पदाधिकारी के जाँच प्रतिवेदन एवं बिहार लोक सेवा आयोग से प्राप्त परामर्श के आलोक में अनुशासनिक प्राधिकार के निर्णयानुसार श्री महेन्द्र प्रसाद सिंह (सेवानिवृत्त बि0प्र0से0), कोटिक्रमांक 711/11, तत्कालीन प्रशासनिक पदाधिकारी, स्टेट आर0सी0एच0, नामकुम, राँची, झारखंड के विरूद्ध बिहार पेंशन नियमावली, 1950 के नियम–43(बी) के तहत् उनके ***'पेंशन से 5%राशि की कटौती 05 (पाँच) वर्षों तक करने'*** का दंड अधिरोपित एवं संसूचित किया जाता है।

आदेश :–आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प की प्रति सभी संबंधितों को जानकारी एवं आवश्यक कार्रवाई के लिए भेज दी जाय।

बिहार–राज्यपाल के आदेश से,
राम बिशुन राय, अवर सचिव।

सं0 2/आरोप–01–16/2018–सा0प्र0–15857

संकल्प

5 दिसम्बर 2018

श्री मुकेश दत्त शर्मा (बि0प्र0से0), कोटि क्रमांक 481/11, तत्कालीन जिला पंचायत राज पदाधिकारी, सहरसा–सह–निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, 77 महिषी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र सम्प्रति उप निदेशक (खाद्य), पूर्णियाँ प्रमंडल, पूर्णियाँ के विरूद्ध सहायक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी–सह–सहायक सचिव, निर्वाचन विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक 2355 दिनांक 25.05.2018 के माध्यम से जिला निर्वाचन पदाधिकरी–सह–जिला पदाधिकारी, सहरसा द्वारा गठित आरोप–पत्र प्रपत्र 'क' प्राप्त हुआ।

श्री शर्मा के विरूद्ध प्रथम द्रष्टया आरोप है कि इनके द्वारा श्री राजकुमार दास BLO पर कार्रवाई नहीं किया गया तथा निर्वाचक नामावली की तैयारी/पुनरीक्षण एवं शुद्धिकरण हेतु निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी के रूप में निर्वाचन नामावलियों में प्रविष्टियों की शुद्धिकरण में लापरवाही बरता गया। निर्वाचन विभाग से प्राप्त आरोप–पत्र प्रपत्र 'क' के आधार पर विभागीय स्तर पर श्री शर्मा के विरूद्ध आरोप–पत्र गठित किया गया, जिसपर अनुशासनिक प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

श्री शर्मा के विरूद्ध प्रतिवेदित आरोपों के लिए विभागीय पत्रांक 8816 दिनांक 04.07.2018 द्वारा स्पष्टीकरण की गयी। उक्त के आलोक में श्री शर्मा के पत्रांक 1626 दिनांक 07.08.2018 द्वारा स्पष्टीकरण समर्पित किया गया। श्री शर्मा द्वारा समर्पित स्पष्टीकरण पर विभागीय पत्रांक 11380 दिनांक 24.08.2018 द्वारा मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, निर्वाचन विभाग, बिहार, पटना से मंतव्य की मांग की गयी। उक्त के आलोक में उप निर्वाचन पदाधिकारी, बिहार के पत्रांक 3829 दिनांक 12.09.2018 द्वारा मंतव्य उपलब्ध कराया गया।

श्री शर्मा के विरूद्ध प्रतिवेदित आरोपों, इनसे प्राप्त स्पष्टीकरण एवं निर्वाचन विभाग से प्राप्त मंतव्य पर अनुशासनिक प्राधिकार द्वारा सम्यक् विचारोपरान्त इनके विरूद्ध गठित आरोप–पत्र में अंतर्विष्ट आरोपों की वृहत जाँच के लिए बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली, 2005 के नियम–17 के संगत प्रावधानों के तहत विभागीय कार्यवाही संचालित किये जाने का निर्णय लिया गया है। विभागीय कार्यवाही में मुख्य जाँच आयुक्त, बिहार, पटना को संचालन पदाधिकारी तथा निर्वाचन विभाग, बिहार, पटना द्वारा नामित किन्हीं वरीय पदाधिकारी को प्रस्तुतीकरण पदाधिकारी नियुक्त किया जाता है।

निर्वाचन विभाग, बिहार, पटना से अनुरोध है कि इस विभागीय कार्यवाही में संचालन पदाधिकारी को सहयोग प्रदान करने हेतु अपने अधीनस्थ किसी वरीय पदाधिकारी को प्रस्तुतीकरण पदाधिकारी नियुक्त कर संचालन पदाधिकारी मुख्य जाँच आयुक्त, बिहार, पटना एवं सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना को सूचित किया जाय।

श्री शर्मा से अपेक्षा की जाती है कि वे अपने बचाव के संबंध में अपना पक्ष रखने हेतु, जैसा कि संचालन पदाधिकारी अनुमति दें, उनके समक्ष स्वयं उपस्थित होंगे।

आदेश :–आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प की प्रति बिहार राजपत्र के अगले अंक में प्रकाशित किया जाय तथा इसकी प्रति सभी संबंधितों को भेज दी जाय।

बिहार–राज्यपाल के आदेश से,
भीम प्रसाद, संयुक्त सचिव।

सं0 कारा/स्था0(प्रशि0)–01–07/18––1390

कारा एवं सुधार सेवाएँ निरीक्षणालय
गृह विभाग (कारा)

संकल्प
14 फरवरी 2019

विषयः–बिहार राज्य के अंतर्गत काराओं में नियुक्त होने वाले प्रशिक्षु कक्षपालों का आधारभूत प्रशिक्षण।

बिहार राज्य के अन्तर्गत काराओं में नियुक्त होनेवाले कक्षपालों के लिए 06 माह का प्रशिक्षण कार्यक्रम पूर्व से निर्धारित है।

2. माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेश के आलोक में ब्यूरो ऑफ पुलिस रिसर्च एण्ड डेवलपमेंट (BPR&D), गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रकाशित **''ट्रेनिंग मैनुअल ऑफ बेसिक कोर्स फॉर प्रिजन वार्डर्स, 2017''** के आलोक में बिहार राज्य के अन्तर्गत नवनियुक्त कक्षपालों के लिए पूर्व से निर्धारित प्रशिक्षण का विषय एवं अवधि में संशोधन किया जाना आवश्यक हो गया है।

3. अतः सम्यक् विचारोपरान्त बिहार राज्य के अन्तर्गत काराओं में नवनियुक्त कक्षपालों के लिए कुल 06 (छः) माह एवं 01 (एक) सप्ताह का पुनरीक्षित प्रशिक्षण कार्यक्रम निम्न प्रकार से निर्धारित करने का निर्णय लिया गया हैः–

कक्षपाल प्रशिक्षण पाठ्यक्रम अवधि– 06 माह एवं 01 सप्ताह **चरण–1 – 05 माह** **चरण–2 – 01 माह** **चरण–3 – 01 सप्ताह**					
चरण	**पाठ्यक्रम**			**समयावधि**	**पूर्णांक**
चरण–1	भाग–1	अन्तर्वासी सत्र	1. बिहार कारा हस्तक 2012	5 माह	50
			2. सेवा नियमावली		50
			3. अपराध शास्त्र, आहत शास्त्र एवं दण्ड शास्त्र		50
			4. मनोविज्ञान		50
			5. समाज शास्त्र एवं समाज कार्य		50
			6. आपराधिक कानून एवं लघु कानून		50
			7. मानवाधिकार एवं भारत का संविधान		50
			8. वोकेशनलस्किल एण्ड वोकेशनल ट्रेनिंग (उद्योग एवं कम्प्यूटर)		50
			9. कारा प्रबंधन में प्रौद्योगिकी (E-Prison)		50
		विशेष अल्पकालिक पाठ्यक्रम और प्रशिक्षण सत्र	1. व्यक्तित्व विकास 2. जेल की आपात स्थिति एवं उनका प्रबंधन 3. हाईजिन, फर्स्ट एड एवं सी0पी0आर0 4. भवन रख–रखाव एवं विदयुत सुरक्षा 5. बागवानी, कृषि और पशु चिकित्सा में बुनियादी कौशल 6. बिजली की मरम्मत, पाइपलाइन, आर0ओ0 प्लांट, वाहन रख–रखाव आदि में बुनियादी कौशल		50

		बहिर्वासी सत्र	1. शारीरिक क्षमता प्रशिक्षण		50
			2. आर्म्स के बिना ड्रिल 3. आर्म्स के साथ ड्रिल 4. गार्ड्स एवं सेंट्रिज 5. भीड़ नियंत्रण ड्रिल एवं तकनीक 6. हथियार प्रशिक्षण		50
			7. गोली चलाने का प्रशिक्षण 8. निहत्थे मुकाबला और आत्मरक्षा तकनीक		50
			9. अतिरिक्त कौशल एवं फिटनेस प्रशिक्षण 9.1. वायरलेस संचार 9.2. खेल–कूद 9.3. योगा / ध्यान 9.4. ड्राईविंग 9.5. तैराकी		50
		क्षेत्रीय भ्रमण	1. कारा 2. पुलिस थाना 3. न्यायालय 4. किशोर न्याय संस्थान 5. मानसिक स्वास्थ्य संस्थान इत्यादि		
	भाग–2	परीक्षा	1. गोली चलाने की परीक्षा 2. बहिर्वासी परीक्षा 3. अर्न्तवासी विषयों हेतु लिखित परीक्षा 4. औपचारिक परेड अभ्यास 5. पासिंग आउट परेड		
चरण–2	व्यावहारिक प्रशिक्षण के लिए संस्थागत संलग्नता			1 माह	
चरण–3	संस्थागत प्रशिक्षण का डीब्रीफिंग एवं प्रदर्शन मूल्यांकन (वैकल्पिक)			1 सप्ताह	
			कुल योग	**6 माह एवं 01 सप्ताह**	**700**

सभी नवनियुक्त प्रशिक्षु कक्षपालों का सांस्थिक प्रशिक्षण बिहार सुधारात्मक प्रशासनिक संस्थान, हाजीपुर में दिया जायेगा। सांस्थिक प्रशिक्षण के उपरान्त सभी प्रशिक्षु कक्षपालों को व्यवहारिक प्रशिक्षण हेतु राज्य की काराओं में संलग्न किया जायेगा। संबंधित काराधीक्षक काराओं में प्रशिक्षण हेतु निर्धारित अवधि एवं विषयों के अनुरूप प्रशिक्षण की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे।

विश्वासभाजन,

(ह0) अस्पष्ट, उप–सचिव–सह–उपनिदेशक (प्र0)।

सं0 कारा / नि0को0(अधी0)–01–09 / 2018––1226

संकल्प

11 फरवरी 2019

चूँकि बिहार–राज्यपाल को यह विश्वास करने का कारण है कि दिनांक 11.08.2018 को जिला प्रशासन, कटिहार द्वारा मंडल कारा, कटिहार में की गई औचक छापेमारी में 11 मोबाईल फोन, 09 मोबाईल चार्जर, 02 पेन ड्राईव, अन्य इलेक्ट्रॉनिक्स उपकरण, 19,300 / – (उन्नीस हजार तीन सौ) रूपये नगद, 500 मि0ली0 विदेशी शराब, लगभग 100 ग्राम गाँजा एवं भारी मात्रा में प्रतिबंधित सामग्रियों की बरामदगी की घटना में श्री सुजीत कुमार झा, तत्कालीन काराधीक्षक, मंडल कारा, कटिहार सम्प्रति अधीक्षक, मंडल कारा, शिवहर के द्वारा अपने कर्त्तव्यों के निर्वहन में गंभीर लापरवाही एवं उदासीनता बरती गई है। श्री झा का यह कृत्य बिहार कारा हस्तक के विहित प्रावधानों के सर्वथा प्रतिकूल है, जैसा कि संलग्न आरोप पत्र में वर्णित है।

2. अतः यह निर्णय लिया गया है कि श्री सुजीत कुमार झा, तत्कालीन काराधीक्षक, मंडल कारा, कटिहार सम्प्रति अधीक्षक, मंडल कारा, शिवहर के विरूद्ध संलग्न प्रपत्र 'क' में अंकित आरोपों की जाँच के लिए बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली, 2005 के सुसंगत प्रावधानों के आलोक में विभागीय कार्यवाही संचालित की जाय।

3. इस विभागीय कार्यवाही के संचालन के लिए बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली, 2005 के नियम 17 (2) के तहत आयुक्त, पूर्णियाँ प्रमंडल, पूर्णियाँ को संचालन पदाधिकारी तथा अधीक्षक, मंडल कारा, कटिहार को प्रस्तुतीकरण पदाधिकारी नियुक्त किया जाता है।

4. श्री झा से अपेक्षा की जाती है कि वे अपने बचाव के संबंध में अपना पक्ष रखने हेतु, जैसा कि संचालन पदाधिकारी अनुमति दें, उनके समक्ष स्वयं उपस्थित हों।

5. विभागीय कार्यवाही के संचालन के प्रस्ताव पर माननीय मुख्यमंत्री का अनुमोदन प्राप्त है।

6. संचालन पदाधिकारी विभागीय कार्यवाही का जाँच प्रतिवेदन निर्धारित अवधि के अन्दर समर्पित करेंगे।

आदेशः—आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प की प्रति बिहार राजपत्र के अगले अंक में प्रकाशित की जाय तथा इसकी प्रति सभी संबंधित को भेज दी जाय।

बिहार—राज्यपाल के आदेश से,
अंजनि कुमार, उप सचिव—सह—उप निदेशक (प्र0)।

सं0 कारा/नि0को0(अधी0)—01—11/2018——1568

संकल्प

20 फरवरी 2019

चूँकि बिहार—राज्यपाल को यह विश्वास करने का कारण है कि दिनांक 11.08.2018 को जिला प्रशासन, मुंगेर द्वारा मंडल कारा, मुंगेर में की गई औचक छापेमारी में 14 मोबाईल फोन, 06 मोबाईल चार्जर, 15 सिम एवं भारी मात्रा में प्रतिबंधित सामग्रियों की बरामदगी की घटना में श्री संजय कुमार, तत्कालीन काराधीक्षक, मंडल कारा, मुंगेर सम्प्रति अधीक्षक, उपकारा, बगहा के द्वारा अपने कर्त्तव्यों के निर्वहन में गंभीर लापरवाही एवं उदासीनता बरती गई है। श्री कुमार का यह कृत्य बिहार कारा हस्तक के विहित प्रावधानों के सर्वथा प्रतिकूल है, जैसा कि संलग्न आरोप पत्र में वर्णित है।

2. अतः यह निर्णय लिया गया है कि श्री संजय कुमार, तत्कालीन काराधीक्षक, मंडल कारा, मुंगेर सम्प्रति अधीक्षक, उपकारा, बगहा के विरूद्ध संलग्न प्रपत्र 'क' में अंकित आरोपों की जाँच के लिए बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली, 2005 के सुसंगत प्रावधानों के आलोक में विभागीय कार्यवाही संचालित की जाय।

3. इस विभागीय कार्यवाही के संचालन के लिए बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली, 2005 के नियम 17 (2) के तहत आयुक्त, मुंगेर प्रमंडल, मुंगेर को संचालन पदाधिकारी तथा अधीक्षक, मंडल कारा, मुंगेर को प्रस्तुतीकरण पदाधिकारी नियुक्त किया जाता है।

4. श्री कुमार से अपेक्षा की जाती है कि वे अपने बचाव के संबंध में अपना पक्ष रखने हेतु, जैसा कि संचालन पदाधिकारी अनुमति दें, उनके समक्ष स्वयं उपस्थित हों।

5. विभागीय कार्यवाही के संचालन के प्रस्ताव पर माननीय मुख्य (गृह) मंत्री का अनुमोदन प्राप्त है।

6. संचालन पदाधिकारी विभागीय कार्यवाही का जाँच प्रतिवेदन निर्धारित अवधि के अन्दर समर्पित करेंगे।

आदेशः—आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प की प्रति बिहार राजपत्र के अगले अंक में प्रकाशित की जाय तथा इसकी प्रति सभी संबंधित को भेज दी जाय।

बिहार—राज्यपाल के आदेश से,
दीवान जाफर हुसैन खान, संयुक्त सचिव—सह—निदेशक (प्र0)।

अधीक्षक, सचिवालय मुद्रणालय
बिहार, पटना द्वारा प्रकाशित एवं मुद्रित।
बिहार गजट, 50—571+10-डी0टी0पी0।
Website: http://egazette.bih.nic.in